सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२७

कक्षा:चार	विषय:हिंदी व्याकरण	पाठ:काल

<u>परिभाषा</u>:- क्रिया के जिस रुप से उसके होने या करने के समय का पता चलता है, उसे काल कहते हैं।

<u>काल के भेद:</u>- काल के तीन भेद होते हैं।

१.भूतकाल

२.वर्तमान काल

३.भविष्य काल

१.<u>भूतकाल</u>:- क्रिया के जिस रुप से उसके बीते हुए समय में होने का पता चले, उसे भूतकाल कहते हैं।

<u>उदाहरण:-</u> क) मैं मुंबई गया था।

ख) गौरव ने केला खाया।

२. <u>वर्तमान काल:</u>- क्रिया के जिस रुप से यह पता चले कि क्रिया अभी हो रही है ,उसे वर्तमान काल कहते हैं।

उदाहरण:- क) मैं खाना खा रहा हूँ।

ख) हम सब स्कूल जा रहे हैं।

३.भविष्य काल :- क्रिया के जिस रूप से उसके आने वाले समय में होने का पता चले, उसे भविष्य काल कहते हैं।

- उदाहरण: क) रीमा गायन प्रतियोगिता में भाग लेगी।

ख) रवि अपना पाठ याद करेगा ।